CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 27 अंक- 339 रायपुर, गुरुवार 2 जनवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## नगरीय निकाय चुनाव में देर जरूर होगी, लेकिन टलेगा नहीं : साय




**रायपुर,** 2 जनवरी (हाईवे चैनल)। नगरीय निकाय चुनाव को लेकर सीएम विष्णुदेव साय का बड़ा बयान देते हुए कहा कि देर जरूर होगी, लेकिन टलेगा नहीं. उन्होंने कहा कि देरी के चलते नगरीय निकायों में प्रशासक बैठना पड़ा है.

जगदलपुर के लिए रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मीडिया से चर्चा में कहा कि लोकार्पण और भूमिपूजन का कार्यक्रम है. 350 करोड़ से ज्यादा लागत के विकास कार्य होंगे. बस्तर के विकास को लेकर मांझी समाज से सरकार सलाह लेगी. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि बस्तर के विकास के लिए सरकार वचनबद्ध है. एक साल में बस्तर में शांति स्थापित करने के लिए सरकार सफल साबित हुई है. क्षेत्र के विकास के लिए नियत नेल्लानार योजना चलाई जा रही है. वहीं नगर निगमों में प्रशासकों की नियुक्ति पर विपक्ष ने सरकार पर निशाना साधा है. कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि यह बीजेपी का अलोकतांत्रिक चरित्र है. समय से पहले चुनाव कराना सरकार का संवैधानिक दायित्व है. चुनाव में देरी कर प्रशासक बैठना यह सरकार की मंशा थी. भाजपा चुनाव में जाने से डर रही है इसलिए अध्यादेश लाई थी. हम मांग करते हैं कि आज ही चुनाव की घोषणा हो.

## भाजपा कार्यालय में प्रदर्शन कर रहे 30 बर्खास्त बीएड सहायक शिक्षकों पर मामला दर्ज



**रायपुर,** 2 जनवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में 2900 सहायक शिक्षकों की बर्खास्तगी के बाद बीजेपी कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन कर रहे 30 शिक्षकों पर माना थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार बुधवार की सुबह करीब 11 बजे शिक्षकों का दल पहुंचा और विरोध प्रदर्शन करने लगा। मना करने के बावजूद बीजेपी कार्यालय के भीतर शिक्षकों ने धरना प्रदर्शन किया।

शिक्षकों के विरोध प्रदर्शन को लेकर रायपुर के माना थाने में केस दर्ज किया गया है. जिसमें 30 बीएड सहायक शिक्षकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। रायपुर पुलिस ने धारा 151 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। माना थाना प्रभारी भावेश गौतम ने बताया कि शिक्षक अपनी मांग को लेकर के भाजपा प्रदेश कार्यालय में आए। यहां पर इस तरह के किसी भी धरना प्रदर्शन की मंजूरी नहीं दी गई। शिक्षकों की संख्या 1000 से अधिक थी।

पुलिस का कहना है कि प्रदर्शनकारी लोगों को वहां से शांतिपूर्वक ढंग से बाहर निकाल दिया। कुछ ऐसे लोग थे जिन लोगों ने वहां पर विधि व्यवस्था के मद्देनजर थोड़ी सी अव्यवस्था पैदा की थी। इसी मामले में 30 क्रश्वस्र डिग्रीधारी सहायक शिक्षकों के खिलाफ धारा 151 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। बता दें कि 31 दिसंबर 2024 को सहायक शिक्षकों की बर्खास्तगी के आदेश सरकार ने जारी किया। उसके बाद शिक्षकों ने विरोध प्रदर्शन ने तूल पकड़ लिया. सहायक शिक्षकों ने रायपुर बीजेपी दफ्तर के बाहर विरोध प्रदर्शन किया. इस केस में अब मुकदमा दर्ज किया गया है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### आरिफ मोहम्मद खान बने बिहार के नए राज्यपाल



**नई दिल्ली,** 2 जनवरी (न्यूज चैनल)। आरिफ मोहम्मद खान ने गुरुवार को राजभवन में एक समारोह के दौरान बिहार के राज्यपाल के रूप में शपथ ली। पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन ने खान को पद की शपथ दिलाई। समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के अलावा राज्य के अन्य मंत्री और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। खान ने राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर का स्थान लिया, जिन्हें केरल का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। शपथ के बाद खान ने कहा कि मैंने अभी शपथ ली है। बिहार का गौरवशाली इतिहास है और बिहार के लोगों में बहुत क्षमता है - वे देश की पूरी व्यवस्था चला रहे हैं। वहीं, शपथ समारोह से पहले आरिफ मोहम्मद खान ने बांस घाट पर डॉ. राजेंद्र प्रसाद को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि ये वही लोग थे जिनके कारण देश को आजादी मिली। इसलिए इन्हें याद रखना जरूरी है। सोमवार को पटना पहुंचने के बाद खान ने हवाईअड्डे पर पत्रकारों से कहा था कि वह राज्य की गौरवशाली परंपरा के अनुरूप अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का प्रयास करेंगे।

### आध्यात्मिक नेता चिन्मय कृष्ण दास को नहीं मिली राहत



**नई दिल्ली,** 2 जनवरी (न्यूज चैनल)। चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को झटका देते हुए, बांग्लादेश की एक चट्टोग्राम अदालत ने गुरुवार को कड़ी सुरक्षा के बीच हुई सुनवाई के दौरान जमानत देने से इनकार कर दिया। दास, जो बांग्लादेश सैमिलिटो सनातन जागरण जोते समूह के सदस्य हैं, इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस (इस्कॉन) से जुड़े हैं। चिन्मय कृष्ण दास को दो जनवरी को बांग्लादेश की एक अदालत में पेश किया गया। उन्हें 25 नवंबर को चटगांव में दर्ज राजद्रोह के एक मामले में ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया गया था।

द डेली स्टार ने मेट्रोपॉलिटन लोक अभियोजक वकील मोफिजुर हक भुइयां का हवाला देते हुए बताया कि चैटोग्राम मेट्रोपॉलिटन सत्र न्यायाधीश एमडी सैफुल इस्लाम ने लगभग 30 मिनट तक दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद जमानत याचिका खारिज कर दी। इससे पहले गुरुवार को हाई-प्रोफाइल मामले में चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी का प्रतिनिधित्व करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के 11 वकीलों की एक टीम सुबह करीब 10.15 बजे (स्थानीय समय) अदाल पहुंची।

## तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवारों को रौंदा, 3 की मौके पर हुई मौत



**कलमीडीह गांव में सड़क हादसा**

**तीनों युवक एक गांव के निवासी**

बलौदाबाजार, 2 जनवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में बीती रात दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें 3 लोगों की जान चली गई. यह हादसा कसडोल थाना क्षेत्र के कलमीडीह गांव में हुआ, जहां तेज रफ्तार हाईवा ने मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवकों को रौंद दिया. हादसे में तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई. सूचना मिलने पर कसडोल पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर तीनों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए रवाना कर आगे की कार्रवाई में जुट हुई है.

जानकारी के मुताबिक, तीनों युवक की पहचान महराजी अर्जुन गांव निवासी के रूप में हुई है. मृतकों के नाम मृत युवकों में राजु कर्ष (23 वर्ष), पिता समारू कर्ष, परमेश्वर पैकरा (22 वर्ष) और दुर्गेश कर्ष ग्राम महराजी है. वे नए साल के मौके पर तुरतुरिया गए हुए थे, वहां से एक ही बाइक पर सवार होकर वे गांव लौट रहे थे. इसी दौरान रात लगभग 12 बजे यह भीषण हादसा हो गया, जिसमें तीनों की दर्दनाक मौत हो गई. प्रशासन

## राज्य के चावल निर्यातकों को मिलेगी मंडी शुल्क में छूट

**छत्तीसगढ़ सरकार के फैसले से चावल उद्योग को मिलेगा प्रोत्साहन**

**रायपुर,** 2 जनवरी (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ सरकार ने छत्तीसगढ़ के चावल उद्योग को प्रोत्साहित करने तथा राज्य से गैर-बासमती चावल के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए चावल निर्यातकों को मण्डी शुल्क और कृषक कल्याण शुल्क से पूर्णतः छूट देने का निर्णय लिया है। यह छूट उन निर्यातकों को मिलेगी जो राज्य के राइस मिलर्स और मंडियों के माध्यम से खरीदे गए धान से तैयार गैर-बासमती चावल का निर्यात करेंगे। शुल्क में छूट देने का उद्देश्य छत्तीसगढ़ से गैर बासमती चावल निर्यात को बढ़ावा देना और राज्य के किसानों तथा चावल मिलर्स को अधिक लाभ दिलाना है। सरकार के इस फैसले से छत्तीसगढ़ के चावल उद्योग को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में प्रतिस्पर्धी बनाने में मदद मिलेगी।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा मंडी शुल्क एवं किसान कल्याण में छूट दिए जाने की अधिसूचना को राजपत्र में प्रकाशन के लिए जारी कर दिया गया है। यह छूट अधिसूचना प्रकाशन के दिनांक से लेकर एक वर्ष तक के लिए होगी। उक्त दोनों शुल्कों में छूट के लिए चावल निर्यातकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके शिपिंग बिल में चावल के कार्गो का मूल स्थान छत्तीसगढ़ लिखा हो। इसके अलावा, छत्तीसगढ़ का वस्तु एवं सेवा कर विवरण, लदान बिल, और बैंक री-कॉसिलेशन स्टेटमेंट की प्रति संबंधित मंडी में प्रस्तुत करनी होगी। राज्य के पंजीकृत चावल निर्यातकों और राइस मिलर्स को एक घोषणा पत्र देना होगा, जिसमें यह स्पष्ट रूप से दर्शाया गया हो कि चावल छत्तीसगढ़ से खरीदे गए धान से तैयार किया गया है। राइस मिलर्स को मंडी अधिनियम के तहत चावल निर्यातकों को परमिट जारी करना होगा।

## मुरुम खदान में मिली युवक की खून से सनी लाश, हत्या कर लाश फेंके जाने की आशंका



**बिलासपुर,** 2 जनवरी (हाईवे चैनल)। मुरुम खदान अटल आवास, अशोक नगर में सुबह-सुबह युवक की खून से सनी लाश मिलने से सनसनी फैल गई. युवक की पहचान रोजी-मजदूरी करने वाले चंदवा गोलू उर्फ खगेंद्र बरगाह के रूप में हुई है.युवक के गले में चोट के निशान होने की वजह से हत्या कर लाश फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है. घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची सरकंडा पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. नए साल पर हुए इस तरह की वारदात ने पुलिस का सिरदर्द बढ़ा दिया है. बता दें कि बिलासपुर जिले में बीते साल क्राइम का ग्राफ तेजी से बढ़ा है. सालभर के दौरान 48 हत्या की घटनाएं सामने आई. वहीं 2023 में हत्या के 36 मामले सामने आए थे. पुलिस एक तरफ दावा है कि नागरिकों की सुरक्षा में उसकी बराबर की मुस्तैद रही और चोरी जैसी घटनाओं में कमी आई है, लेकिन हत्या जैसे वारदातों में इजाफे कुछ और की कहानी बयां करते हैं.

## सीएम नीतीश कुमार के लिए खुले हैं दरवाजे : लालू प्रसाद



**नई दिल्ली,** 2 जनवरी (न्यूज चैनल)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में रहेंगे या महागठबंधन शामिल होंगे? इन दिनों यह सवाल सभी लोग पूछ रहे हैं। इसी सवाल को लेकर राष्ट्रीय जनता दल के सुपीमो लालू प्रसाद यादव ने जो बयान दिया है, वह चौंकाने वाला है। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा है कि सीएम नीतीश कुमार के लिए दरवाजे खुले हुए हैं। वह साथ में आएं और काम करें। वह अगर महागठबंधन के साथ आना चाहते हैं तो आ जायें। इस बयान ने सियासी गलियारे में हलचल तेज कर दी। साथ ही एनडीए खेमे की बेचैनी भी बढ़ा दी है।

दरअसल, एक जनवरी को राजद सुप्रीमो की पत्नी और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी का जन्मदिन था। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान जन्मदिन को लेकर आयोजित किए गये समारोह में शामिल हुए थे। इसी दौरान पत्रकारों ने लालू प्रसाद से सीएम नीतीश कुमार लेकर सवाल किया तो उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनता और सीएम नीतीश कुमार ने दरवाजे हमेशा खुला हुये हैं। इधर, कुछ दिन पहले ही तेजस्वी यादव ने कहा था कि सीएम नीतीश कुमार अब थक चुके हैं। उनके लिए महागठबंधन का दरवाजा बंद है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा था कि सीएम नीतीश कुमार को लेकर जो भी फैसला होगा वह पार्टी आलाकमन करेगी। उनका

## पुल के नीचे संदिग्ध हालत में मिली युवक की लाश, हत्या या दुर्घटना?



**खैरागढ़,** 2 जनवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के खैरागढ़ में आज सुबह-सुबह एक युवक की लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है. गाड़ाघाट चौक के पुल से गुजरते समय ग्रामीणों ने देखा कि पुल के नीचे एक युवक की लाश और एक बाइक पड़ी हुई है. ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस में दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए रवाना कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

वहीं इस घटना को लेकर परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं. हालांकि युवक की हत्या की गई है, या सड़क दुर्घटना का शिकार होने से उसकी मौत हुई, यह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट सामने आने के बाद ही पता चल सकेगा. फिलहाल खैरागढ़ पुलिस सभी एंगलों से मामले की जांच कर रही है.

## सर्द हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन 2 दिन शीतलहर का अलर्ट जारी



**जगदलपुर में 6.6 डिग्री पर गिरा पारा**

**रायपुर,** 2 जनवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में साल के पहले दिन से ही कड़ाके की ठंड पड़नी शुरू हो गई है. राजधानी समेत कई जिलों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है. बीती रात जगदलपुर सबसे अधिक ठंडा रहा. उत्तर भारत में अच्छी बर्फबारी हो रही है. इसके चलते उत्तर (हिमालय) से आरही शुष्क हवाएं आरही हैं, जिससे प्रदेश में एक बार फिर से शीतलहर का दौर शुरू हो रहा है. बीते 4 दिनों में पारा 3-4 डिग्री गिरा है. मौसम विभाग ने प्रदेश में 2 दिन का शीतलहर अलर्ट जारी किया है. 2 और 3 जनवरी को कई जिलों में घना कोहरा छाया रहेगा. 4 जनवरी के बाद से फिर तापमान में बढ़ोतरी होगी.

मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा के अनुसार, 4 जनवरी को एक पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) प्रदेश में पहुंचेगा, जिससे तापमान में हल्की वृद्धि हो सकती है. इसके साथ ही प्रदेश के कुछ हिस्सों में बारिश की भी संभावना है. विक्षोभ के गुजरने के बाद मौसम साफ हो जाएगा. हालांकि, 7 जनवरी से तापमान में फिर से गिरावट आ सकती है. राज्य में 12 फरवरी तक सर्दी का मौसम जारी रहेगा, जिससे अगले 42 दिनों तक तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है.

## नए साल में जमकर छलका जाम, एक दिन में 600 करोड़ की शराब गटक गए लोग



**नई दिल्ली,** 2 जनवरी (न्यूज चैनल)। नए साल 2025 का स्वागत देशभर में धूमधाम से किया गया, और इस जश्न का हिस्सा बनी शराब की बिक्री, जिसने सभी रिकॉर्ड्स तोड़ दिए। 31 दिसंबर को जब लोग नए साल के जश्न में डूबे हुए थे, वहीं शराब की बिक्री में अभूतपूर्व वृद्धि देखी गई। खासतौर पर उत्तर प्रदेश में, जहां इस बार नए साल के मौके पर शराब की बिक्री 600 करोड़ रुपये तक पहुंच गई, और राज्य ने अपने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ते हुए एक नया मुकाम हासिल किया।

नोएडा में भी शराब की बिक्री ने नया कीर्तिमान स्थापित किया, जहां 31 दिसंबर और 1 जनवरी को 16 करोड़ रुपये से ज्यादा की शराब बिकी। यह आंकड़ा पिछले साल से कहीं ज्यादा था, और आबकारी विभाग के अनुसार, शराब के ठेकों को एक घंटे का अतिरिक्त समय दिया गया, जिससे बिक्री में और इज़ाफा हुआ। दिल्ली में भी 400 करोड़ रुपये की शराब बिकी, जिसमें होटलों, बारों और पार्टी आयोजनों में शराब की खपत सबसे अधिक रही। दिल्ली ने नए साल पर शराब की खपत में अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ा। इसके अलावा, तेलंगाना और कर्नाटक में भी शराब की बिक्री ने जोरदार उछाल लिया। तेलंगाना में 401 करोड़ रुपये और कर्नाटक में 308 करोड़ रुपये की शराब बेची गई। केरल में भी शराब की बिक्री 108 करोड़ रुपये तक पहुंची। उत्तराखंड में शराब की बिक्री ने राजस्व में वृद्धि दर्ज की, जहां 37 हजार से अधिक अंग्रेजी शराब की पेटियां बेची गईं और राज्य में बार दो बजे तक खुले रहे। इस साल चखने के लिए भी लोगों की डिमांड काफी बढ़ी, जिससे ऑनलाइन एप्स पर आलू भुजिया, चिप्स और आइस क्यूब जैसे चखने का सामान भी खूब बिके। कुल मिलाकर, नए साल के इस जश्न ने शराब की बिक्री के नए रिकॉर्ड बनाए और कई राज्यों के लिए अच्छा राजस्व जुटाया।




चूहा- सुनती हो, लालू यादव कह रहे हैं कि सीएम नीतिश कुमार के लिए दरवाजे खुले हुए हैं।
चुहिया- हां जी, लेकिन उसका बेटा तेजस्वी तो दरवाजा बंद कर दिया है।

CMYK